हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 मार्च 2024

11 बच्चों ने हरियाणवीं नृत्य व मधुर गीतों पर...



12 सांस्कृतिक स्कूलों में दाखिला संबंधित ...







वर्धमान ज्वैलर्स
सोने व चांदी के आधुनिक आभूषणों का विश्वसनीय प्रतिष्ठान
ब्रांच : नज़दीक के एम स्कूल, हांसी गेट ✆ 9215657444
शोरूम : घंटाघर बाजार ✆ 9215656444





सचिन जैन
संचालक

H.D. Public School Birohar
A Co-Education English Medium | C.B.S.E Affiliated Sr. Sec. School
Contact No. 8059923555, 8607128682
स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित- नकद 6,71000 रूपये से विद्यार्थियों को किया सम्मानित
नोटः कक्षा Nur. to 12th Classes Start 01-04-2024 (Sci.|Comm.|Arts)
Free Demo Classes
Hurry up


## खबर संक्षेप

### श्रीश्याम परिवार श्याम बाबा का जागरण आज

**भिवानी।** हनुमान ढाणी चौक स्थित पुष्प वाटिका में 30 मार्च शनिवार को सांय सवा चार बजे से प्रभु इच्छा तक श्रीश्याम परिवार भिवानी द्वारा श्याम बाबा का जागरण का आयोजन किया जाएगा। श्रीश्याम परिवार के सदस्य राजेंद्र प्रसाद शर्मा व रिंकू चौपड़ा ने बताया कि जागरण में सूरजगढ़ दरबार के महंत हजारीलाल इंदौरिया व ओमप्रकाश इंदौरिया का सानिध्य रहेगा। इनके अलावा बतौर मुख्यतिथि हनुमान ढाणी सैनी सभा के प्रधान नरेश सैनी पहुचेंगे तथा अध्यक्षता सुदर्शन शर्मा व रमन सोनी करेंगे।

### हजरस की कार्यकारिणी का चुनाव 31 को

**भिवानी।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ जिला भिवानी सत्र 2020-23 का कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त हो जाएगा, जिसमें जिले के सभी सातों खंडो का चुनाव करवाकर नई कार्यकारिणी का गठन किया जा चुका है। अब भिवानी की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाना है, जिसके लिए राज्य कार्यकारिणी के निर्देशानुसार जिला भिवानी का चुनाव 31 मार्च को सुबह 10 बजे बावड़ी गेट स्थित गुरु रविदास मंदिर में किया होगा।

### श्रीश्याम जयंती महोत्सव कल सांय 4 बजे से

**भिवानी।** श्रीश्याम बंबई प्रेम मंडल भिवानी द्वारा 31 मार्च को सांय 4 बजे से पुराना बस स्टैंड स्थित कमल भवन में श्रीश्याम जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। राजेंद्र आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि भिवानी-महेंद्रगढ़ से निर्वतमान सांसद धर्मबीरसिंह, पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ व भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षदीप डुडेजा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहेगा। जयंती महोत्सव के लिए प्रदीप भारद्वाज वृंदावन, जीतू माली गुड़गांव, सुरेंद्र लोहिया भिवानी, प्रिया रावत ग्वालियर, प्रियंका शास्त्री वृंदावन, अदिति श्रीवास्तव कानपुर, दीप्ति खट्टर भिवानी व मानव गुलिया भिवानी आदि कलाकारों को आमंत्रित किया है।

# अधूरे ओवरब्रिज ने बढ़ाई शहर के 60 हजार लोगों की परेशानी

## जीतूवाला महापंचायत गरजी : जल्द निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो करेंगे भूख हड़ताल

■ चार साल पहले शुरू किए गए ओवरब्रीज का 85 फीसदी निर्माण हो चुका है पूरा





भिवानी। निर्माणाधीन पुल के पास से गुजरते वाहन चालक और निर्माणाधीन पुल का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरकार के ढिले रवैये की वजह से रेलवे लाइन पार रहने वाली करीब 60 हजार की आबादी जीना मुहाल हो गया है। चार साल पहले शुरू किए गए ओवरब्रीज का 85 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका,लेकिन उसके बाद से निर्माण कार्य पर ब्रेक है। जिसकी वजह से वाहनों का आना जाना दूर की बात यहां से आमजन का निकलना भी बड़ा मुश्किल हो रहा है।

इस बारे में कई बार जीतू वाला महापंचायत ने जिला प्रशासन से मुलाकात कर पुल के निर्माण कार्य को शुरू करवाए जाने की गुजारिश की,लेकिन अभी तक प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाया गया तो वे भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। जानकारी के अनुसार कृष्णा कॉलोनी से विनोद रोड जीतूवाला फोटाक संख्या 52. सी पर रेलवे ओवरब्रिज का काम करीबन पिछले 4 साल से चल रहा है। शहर का सबसे छोटा 600 मीटर का रेलवे ओवरब्रिज करीबन 18 करोड़ की लागत से बनना है। इस पुल का करीब 80 से 85 फीसदी काम भी पूरा हो गया है, लेकिन पुल के दोनों किसी छौर पर मिट्टी भराई होनी बाकी है और निर्माण कार्य मार्च में पूरा होना था, लेकिन अभी तक ओवरब्रिज निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। जीतूवाला महापंचायत ने नाराजगी जाहिर करते हुए नारेबाजी कर,निर्माण कंपनी पर कार्य न करने का आरोप लगाया। इसके साथ कार्य को जल्द पूरा किए जाने की मांग भी की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुल का निर्माण कार्य जल्द नहीं किया गया तो वे भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे।

### काई सुनने को तैयार नहीं

इस मौके पर महापंचायत के सदस्यों ने बताया कि लगभग पिछले चार साल से भिवानी के कृष्णा कॉलोनी से विनोद रोड जीतूवाला फाटाक पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि यहां की लगभग 60 हजार की आबादी काफी परेशान है। रास्ता न होने की वजह से उनको मजबूरन लाइनों को पार करके आना पड़ रहा है। पुल के निर्माण में प्रयोग किए सामान की वजह से वाहन तो दूर आमजन ,उन्होंने निर्माण कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कंपनी की हीला.हवाली के चलते बच्चे, जवान और बुजुर्गों को यहां से आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा चैयरमेन से लेकर उच्च अधिकारियों तक अपनी बात रखी जा चुकी है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है, प्रशासन उनकी इस समस्या की अनदेखी कर रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि जल्द ओवर ब्रिज निर्माण कार्य पूरा किया जाए ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके, नहीं तो लोकसभा चुनाव नजदीक है जीतूवाला महापंचायत अपनी ताकत दिखाने से पीछे नहीं हटेगी। इसके साथ ही भूख हड़ताल व अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी उनके द्वारा दी गई है।

# चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली सामग्री पोस्ट न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और आमजन से अपील की है कि वे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को जिले में पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। ट्वीटर, इंस्ट्राग्राम और फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफोर्म ऐसी कोई सामग्री पोस्ट न करें, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो।

इसके साथ-साथ सभी राजनीतिक दल व चुनाव के उच्छुक लोग दॉ हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करें। किसी भी प्राइवेट प्रोपर्टी पर बिना मालिक की इजाजत के प्रचार सामग्री चस्पा न करें। यदि कोई बिना इजाजत के प्रचार सामग्री चस्पा करता है तो वह दा परिवेशन ऑफ डिफेशमेंट एक्ट की उल्लंघना माना जाएगा तथा ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

डीसी नरवाल ने कहा है कि लोकसभाचुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इस पर्व में भागीदार बनना प्रत्येक मतदाता के लिए गर्व की बात है। लोकतंत्र के महापर्व में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों के साथ-साथ आमजन को भी अपनी सकारात्मक भूमिका निभानी है।

### यहां प्रचार सामग्री न लगाएं

जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने सभी राजनीतिक दलों से कहा है कि वे आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार या पार्टी चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थलों का इस्तेमाल न करें। प्रशासनिक अनुमति पर केवल जिले में निर्धारित स्थानों पर ही प्रचार सामग्री का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा है कि प्रशासनिक अनुमति लेकर प्रचार.प्रसार के लिए वाहन का प्रयोग करें। इसके साथ.साथ प्रचार के दौरान अपने भाषण में जाति.धर्म विशेष और असभ्य भाषा का प्रयोग न करें। मर्यादित ढंग से अपना चुनावी प्रचार करें।

इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्देशों की पालना करना जरूरी हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने राजनैतिक दलों के साथ.साथ आमजन से भी कहा है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार से भ्रामक, आपत्तिजनक या विवादित पोस्ट न डालें। ऐसी कोई भी पोस्ट करने से पहले से उसको अच्छी प्रकार से जरूर देख लें। ट्वीटर, इंस्ट्राग्राम और फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफोर्म ऐसी कोई सामग्री पोस्ट न कर, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो। चुनाव आयोग व जिला प्रशासन की सोशल मीडिया पर पूरी नजर है।



## मूट कोर्ट प्रतियोगिता में पानीपत की गीता लॉ इंस्टीट्यूट की टीम बनीं विजेता

**बहल।** बीआरसीएम लॉ कॉलेज में चल रही दो दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में पानीपत की गीता लॉ इंस्टीट्यूट की टीम विजेता रही जबकि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा की टीम उपविजेता रही। सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल एवं सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता का पुरस्कार हिसार स्थित सीआर लॉ कॉलेज को मिला। शुक्रवार को आयोजित समापन समारोह में सर्वश्रेष्ठ मूटर का पुरस्कार गीता लॉ इंस्टिट्यूट की छात्रा चेतना ने जीता। कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ की एसडीजेएम एवं अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन मिस मेनका सिंह व पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ़ के अधिवक्ता डॉ. संदीप शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि एवं निर्णायक की भूमिका में शिरकत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुनील शुक्ला ने मुख्यतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए कॉलेज प्रशासन को बधाई दी।

# सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

■ सहायक सचिव अजय सिंह व भारत भूषण, अधीक्षक बच्चु सिंह व सुनील कुमारी को दी भावभीनी विदाई




**भिवानी।** शिक्षा बोर्ड से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को स्मृति चिहन भेंट बोर्ड अध्यक्ष डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से शुक्रवार को सहायक सचिव अजय सिंह व भारत भूषण, अधीक्षक बच्चु सिंह व सुनील कुमारी सेवानिवृत्त हो गए। बोर्ड द्वारा इन्हें गरिमापूर्ण समारोह में विदाई दी। इस अवसर पर शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.वीपी यादव ने बताया कि सहायक सचिव अजय सिंह ने 34 वर्ष साल, सहायक सचिव भारत भूषण ने 34 साल, अधीक्षक बच्चु सिंह ने 34 वर्ष साल एवं अधीक्षक सुनील कुमारी ने 28 वर्ष तीन महीने 25 दिन तक बोर्ड में अपनी सेवाएं दी और आज सेवानिवृत हुए हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने सेवानिवृत अधिकारियों के कार्यों की सराहना की तथा उनके सुखमय एवं आनंदमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रयासों के फलस्वरूप शिक्षा बोर्ड प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने सभी से अपील की कि बोर्ड कर्मी अपनी सक्रिय सहभागिता को बढ़ाते हुए पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा व लग्न से कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह व उपहार देकर बोर्ड से सेवानिवृत्त किया।

## 6 पुलिस अधिकारियों की सेवानिवृत्ति पर एसपी कार्यालय में विदाई समारोह

**भिवानी।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कांफ्रेंस हाल में पुलिस विभाग में सेवा पूर्ण कर चुके पुलिस अधिकारी की विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कल्याण निरीक्षक ऋषि राज ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मचारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कर्मचारी ने पुलिस विभाग में सेवाकाल के दौरान ईमान्दारी व निष्ठा से कार्य करके पुलिस विभाग का गौरव बढ़ाया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने बताया की निरीक्षक अजीत सिंह, उप निरीक्षक उम्मेद सिंह, उप निरीक्षक राजबीर सिंह, उप निरीक्षक रतन सिंह, उप निरीक्षक रमेश कुमार व निरीक्षक नरेश कुमार' को उनके विभाग के प्रति लगन, मेहनत व ईमानदारी से कार्य करते हुए अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की है। इनका कार्यकाल अति सराहनीय रहा है इसलिए ये बधाई के पात्र है। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मचारी को स्मृति चिन्ह व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया व उनके शेष बचे जीवन के लिए उनको शुभकामनाएं दी गई। पुलिस विभाग के द्वारा भविष्य में हर प्रकार की सहायता के लिए आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस के पुलिस अधिकारी कर्मचारी व सेवा निवृत्त हो रहे पुलिस कर्मचारी के परिवारजन उपस्थित रहे।

### इस वक्त खेतों में सरसों व गेहूं की फसल पककर खड़ी है तैयार

# मौसम का बदला मिजाज, बढ़ी किसानों की हार्टबीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में काले बादल छाने व तेज गति से हवा चलने की वजह से किसानों की हार्टबीट बढ़ने लगी। हालांकि देर शाम तक बारिश नहीं आई,लेकिन काली घटाओं की वजह से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आने लगी। चूंकि इस वक्त किसानों के खेतों में सरसों व गेहूं की फसल पक कर तैयार है। अगर हलकी सी बारिश के साथ हवा चलने लगी तो सरसों व गेहूं की फसल पूरी तरह से जमीन पर बिछ जाएगी। ऐसे में किसानों को मोटा नुकसान होना लाजिमी है। सुबह सवेरे आसमान पूरी तरह से साफ रहा। शाम के वक्त आसमान में अचानक काले बादल आने लगे। कुछ देर बाद तेज हवा का झौंका आया और काली घटाए छा गई। हालांकि काली घटाए बिना बरसे ही आगे निकल गई,लेकिन जितने वक्त आसमान में काली घटाए बनी रही। उतने समय तक किसानों की हार्टबीट बढ़ती रही। क्योंकि इस वक्त किसानों की फसल पक कर तैयार है। अगर इस समय ओलावृष्टि या फिर हलकी सी भी बारिश हो जाती है तो किसानों की मेहनत पर पानी फिरना लाजिमी है। हलकी बारिश के बाद जमीन नरम हो जाती है और हलकी सी हवा आते ही फसल जमीन पर बिछ जाएगी। अगर इस वक्त फसल जमीन पर बिछ गई तो उसकी औसतन पैदावार घटना लाजिमी है। गेंहू व सरसों की फसल पूरी तरह से पक कर तैयार है। किसानों का तर्क है कि इस वक्त मौसम साफ रहे तो वे अपनी फसलों की कटाई में तेजी लाएंगे। ताकि जल्दी से फसलों की कटाई और कढाई का कार्य मुक्कमल किया जा सके। फिलहाल फसलें तैयार है। थोड़ा सा मौसम चेंज हुआ तो उनको नुकसान होना लाजिमी है। यहां यह बताते चले कि विगत में भिवानी व चरखी दादरी क्षेत्र के कुछ इलाकों में जबरदस्त ओलावृष्टि हुई थी। जिसके बाद फसलों में मोटा नुकसान हुआ। हालांकि जिला प्रशासन ने फसलों की विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा देने की घोषणा की थी,लेकिन अभी तक उनको मुआवजा नहीं मिल पाया है।



■ अगर हलकी सी बारिश के साथ हवा चली तो सरसों व गेहूं की फसल जमीन पर बिछ जाएगी

# सीएम फ्लाइंग टीम ने गोपी सीएचसी में की रेड

■ एसएमओ सहित दो चिकित्सक और सफाई कर्मचारी मिला गैर हाजिर



बाढ़ड़ा। गोपी सीएचसी में निरीक्षण करतीं सीएम फ्लाइंग टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

रोहतक इकाई सीएम फ्लाइंग टीम ने शुक्रवार को बाढ़ड़ा उपमंडल के गांव गोपी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रेड। इस दौरान सीएम फ्लाइंग टीम को अस्पताल में दो चिकित्सक व एक सफाई कर्मचारी गैर हाजिर मिले। टीम द्वारा रिपोर्ट तैयार कर संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है।

रोहतक इकाई सीएम फ्लाइंग उप नीरिक्षक नरेंद्र कुमारए चरखी दादरी गुप्तचर विभाग व ड्यूटी मजिस्ट्रेट बाढ़ड़ा नायब तहसीलदार अमित की संयुक्त टीम ने गोपी सीएचसी में रेड की। इस दौरान टीम द्वारा अस्पताल का निरीक्षण किया गया व हाजिरी रजिस्टर चैक किया। टीम को सीएचसी के कार्यरत एसएमओ डाण्भूपेंद्रए डेंटल सर्जन डाण संदीप व एक सफाई कर्मचारी गैर हाजिर मिले। इसके अलावा दूसरे कर्मचारी हाजिर व अवकाश पर मिले। टीम द्वारा इसकी रिपोर्ट तैयार कर संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है।

एंज्वॉयमेंट

हम सिर्फ फर्स्ट अप्रैल को ही नहीं अकसर ही आपस में प्रैंक करके एंज्वॉय करते हैं। टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी ऐसा करते हैं। यहां जारा वारसी और इवान दीक्षित बता रहे हैं, जब उन्होंने फैंक किया या उनके साथ प्रैंक हुआ।



# बड़ा मजा आया जब किया मजेदार प्रैंक

## फूल बनाया ही नहीं बनी भी : जारा वारसी



**जारा वारसी** इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची के रोल में सबको खूब हंसा रही है। उससे यह पूछने पर कि क्या उसने कभी किसी को अप्रैल फूल बनाया है या वह बनी है, या फिर किसी के साथ प्रैंक किया है तो सबसे पहले उसने जो प्रैंक किया था, हंसते हुए उसके बारे में बताती है, 'हां मैंने प्रैंक किया है। हमारे शो में दरोगा हप्पू सिंह का कैरेक्टर करने वाले योगेश त्रिपाठी जी अपने मजेदार प्रैंक्स से हमेशा हम सब को हंसाते रहते हैं। लेकिन एक दिन, मैंने उनके साथ प्रैंक करने का प्लान बनाया। वह हमारे प्रैंक में फंस भी गए। एक सीन की शूटिंग के दौरान मैंने उनसे कहा कि आपकी मूंछें थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। इतना सुनते ही उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट को मूंछें ठीक करने के लिए बुला लिया। थोड़ी देर बाद मैंने उनसे फिर कहा कि आपकी मूंछें अभी भी थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। इसके बाद उन्होंने आईना मंगवाया और मेकअप आर्टिस्ट को फिर से मूंछें ठीक करने के लिए कहा। वह इतने कॉन्शस हो गए कि थोड़ी-थोड़ी देर बाद वह मुझसे पूछते कि अब तो मूंछें ठीक हैं ना? वह शो के डायरेक्टर के पास भी चले गए। उनसे पूछा कि कैमरे पर मेरी मूंछें ठीक लग रही हैं ना? डायरेक्टर चौंके और बोले कि ठीक तो लग रही हैं, लेकिन आप फिर से अपनी मूंछें फिक्स करना चाहें तो कर सकते हैं। वह बार-बार अपनी मूंछों को ठीक किए जा रहे थे। उन्हें ऐसे करते देखकर हमें हंसी आ रही थी। पैक-अप के बाद आखिरकार मैंने उन्हें बता दिया कि उनकी मूंछें बिल्कुल सही थीं, मैं उनके साथ प्रैंक कर रही थी। यह सुनकर वह पहले तो थोड़ा-सा नाराज हुए फिर हंसने लगे।'

जारा वारसी एक और प्रैंक का किस्सा बताती है। इस बार उसके एक दोस्त ने उसके साथ प्रैंक किया और वह फूल बनी। जारा हंसते हुए बताती है, 'यह प्रैंक पहली अप्रैल को हम दोस्तों के साथ किया गया था। हमारे एक दोस्त ने मुझे और मेरे कुछ दोस्तों को अपने घर यह कह कर बुलाया कि उसका जन्मदिन है। उसने एक थीम पार्टी रखी है, जिसमें हमें सुपरहीरो की ड्रेस पहनकर आना है। मैं और मेरे दोस्त सभी अलग-अलग सुपरहीरो की ड्रेस में बहुत उत्साह के साथ उसके घर पहुंचे। वहां पहुंचकर हमें पता चला कि आज फर्स्ट अप्रैल है। हमें 'अप्रैल फूल' बनाया गया है। लेकिन मेरे दोस्त की मम्मी ने हमारे लिए बहुत टेस्टी डिशेज बना रखी थीं, हमें खिलाईं। उन डिशेज को खाकर बहुत मजा आया।' *

## गिफ्ट देकर किया प्रैंक इवान दीक्षित

**इवान दीक्षित**, आजकल सोनी सब चैनल के शो 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' में शौर्य की भूमिका में खूब रंग जमा रहा है। इवान भी अपने द्वारा प्रैंक किए जाने का किस्सा बताता है, 'मैंने अपने शो में डॉक्टर ध्रुव का रोल करने वाले ईशान धवन के साथ एक बार प्रैंक किया था। मैंने उन्हें एक बड़ा सा डिब्बा यह कहकर दिया कि इसमें उनके लिए गिफ्ट है। उन्होंने बड़े उत्साह से डिब्बा खोला। उसमें से एक पंचिंग ग्लव बाहर निकल आया, जिसने ध्रुव भैया के चेहरे पर पंच मारा। ध्रुव भैया का चेहरा देखने लायक था। हम सभी यह देखकर जोरों से हंस पड़े। ध्रुव भैया ने थोड़ी नाराजगी जरूर दिखाई फिर वे भी हंस पड़े। यह प्रैंक न केवल ध्रुव भैया के लिए बल्कि हम सभी के लिए, एक मजेदार एक्सपीरियंस था। जहां तक फर्स्ट अप्रैल यानी फूल्स डे की बात है तो यह एक ऐसा मौका होता है, जब लोगों को एक-दूसरे के साथ मजाक करके हंसने-खिलखिलाने का चांस मिलता है। *



प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

हंसो-हंसाओ/ अनुराग मनींद्र

# अप्रैल फूल बनाने के मजेदार आइडियाज



बच्चों, 1 अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को 'अप्रैल फूल' बनाते हैं, खूब मजे लेते हैं, हंसते-हंसाते हैं। हम तुम्हारे लिए 'प्रैंक्स' के कुछ मजेदार आइडियाज लेकर आए हैं। तुम इन्हें फॉलो कर अपने दोस्तों को 'अप्रैल फूल' बनाकर एंज्वॉय कर सकते हो।

**इंटरेस्टिंग गेम के नाम पर प्रैंकः** 'आज हम एक नया और इंटरेस्टिंग गेम खेलेंगे', फोन पर तुम यह बोलकर अपनी कॉलोनी के दोस्तों को पार्क या प्ले-ग्राउंड में बुलाओ, लेकिन तुम वहां मत पहुंचो। जब तुम्हारे दोस्त ग्राउंड में पहुंचकर तुम्हें कॉल करें तो तुम कॉल रिसीव करो लेकिन बिना कुछ बोले म्यूजिक सिस्टम या किसी दूसरे मोबाइल में गाना बजा दो- 'अप्रैल फूल बनाया!' इस तरह तुम एक साथ कई सारे दोस्तों को एक साथ 'अप्रैल फूल' बना लोगे।

**अजीब स्वाद वाला प्रैंकः** बच्चों तुम क्रीम बिस्किट का पैकेट ले आओ और उसकी क्रीम की लेयर्स को अलग कर लो। उसमें से क्रीम निकाल कर उसकी जगह ग्रीक योगर्ट और टोमैटो-सॉस मिक्स करके डाल दो। फिर बिस्किट के दोनों लेयर्स को पहले की तरह आपस में चिपका दो। चाहो तो इसे थोड़ी देर फ्रीजर में भी रख सकते हो, इससे बिस्किट के लेयर्स अच्छे से चिपक जाएंगे। ये क्रीम बिस्किट अपने किसी दोस्त को खिलाओ। इसे खाते ही तुम्हारा दोस्त कुछ अजीब-सा मुंह बनाएगा। इससे पहले कि वो गुस्सा हो, तुम 'अप्रैल फूल' बोलकर उसे गले लगा लो।

**खाली गिफ्ट वाला प्रैंकः** एक सादे पेपर पे स्केच-पेन या कलर पेंसिल से 'अप्रैल फूल' लिख लो। फिर इसे घर में पड़े किसी खाली डब्बे में रखकर, डब्बे को गिफ्ट-पेपर से पैक कर दो। पैकिंग इतनी खूबसूरती से करो कि लगे इसमें कोई अच्छी-सी चीज होगी। यह 'खाली गिफ्ट' अपने किसी दोस्त को देकर तुम उसे 'अप्रैल फूल' बना सकते हो। *

### रखो इस बात का भी ध्यान

बच्चों, हल्के-फुल्के हंसने-हंसाने वाले प्रैंक्स तो ठीक हैं। लेकिन किसी के साथ ऐसा प्रैंक मत करना कि वह डर जाए, उसे चोट लग जाए या किसी अन्य प्रकार की हानि पहुंचे या फिर उसे अपनी इंसल्ट महसूस हो। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखो, अगर तुम्हें कोई 'अप्रैल फूल' बना दे तो तुम नाराज या गुस्सा न होकर 'कूल' ही रहो। उसके साथ खुद भी हंसो, एंज्वॉय करो।

कविता / हरीश कुमार 'अमित'

## बनाया अप्रैल फूल !




ऑफिस में बैठे थे पापा, बजी फोन की घंटी,
बोल रहा था उधर से उनका नन्हा बेटा बंटी।
'पिक्चर का प्रोग्राम शाम का मम्मी और मैंने बनाया',
फोन पे बंटी जी ने अपने पापा को फरमाया।
मम्मी बोलीं, 'आप टाइम से थिएटर पे आ जाना,
देर से आकर बना न देना कोई भी बहाना।'
शाम को पापा पहुंचे थिएटर, खूब-खूब चकराए,
क्योंकि न मम्मी, न बंटी नजर वहां पर आए।
हो रहे थे पापा उनको ढूंढ-ढूंढ परेशान,
लिया उन्होंने उस थिएटर का कोना-कोना छान।
तभी मोबाइल पर पापा के फोन बंटी का आया,
बोला, 'क्या आपको अब तक समझ न आया?
आज तो है पहली अप्रैल, गए आप क्या भूल!
मम्मी और मैंने है बनाया, आपको अप्रैल फूल!'

## जीके क्विज- 97



1. हाल में किस पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री भारत आए थे?
2. राज्यसभा के वर्तमान उपसभापति का क्या नाम है?
3. 'आईपीएल' क्रिकेट टूर्नामेंट का फुल फॉर्म क्या है?
4. सिक्किम की राजधानी का क्या नाम है?
5. हमारे शरीर के रक्त में कौन-सा धातु तत्व पाया जाता है?
6. क्लोरोफिल पेड़ों के किस भाग में पाया जाता है?
7. गोबी का मरुस्थल मुख्य रूप से किस देश में स्थित है?
8. नींबू में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. दिल्ली स्थित लाल किला का निर्माण किसने करवाया था?
10. न्यूटन, विज्ञान की किस शाखा के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे?

**बच्चों, जीके क्विज-97 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-96 का उत्तर :** 1-अरुणाचल प्रदेश, 2-ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू, 3-19 अप्रैल, 4-लेक्टोमीटर, 5-महात्मा गांधी, 6-हवाई जहाज, 7-राजस्थान का, 8-आठ राज्यों से, 9-गंगा, 10-रूस

**जीके क्विज-96 का सही उत्तर देने वालेः** कबीर-हिसार, दिलेश्वर-डोंगरगढ़, महक-दुर्ग, प्रतीक-कोरिया, महिमा-भोपाल, नाजिम-जबलपुर, शांतनु-रोहतक, प्रियंका-रायपुर, अभिषेक-चंडीगढ़, रजत-दिल्ली, निशा-बिलासपुर

## हंसगुल्ले



**चिंकू-** मिंकू, अगर मिस्टर बीन सो जाएंगे तो उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंकू -** पता नहीं यार, तू ही बता दे।
चिंकू - अरे वैरी सिंपल, तब बोलेंगे, सोयाबीन।
**-नवीन, रायपुर**

भोलू और उसके पापा डेंटिस्ट की क्लीनिक से लौटते हुए।
**पापा-** भोलू, क्या तुम्हारा दांत अभी तक दर्द कर रहा है?
**भोलू-** पता नहीं पापा, वह तो डॉक्टर अंकल के पास है।
**-प्रांजल, कोरबा**

**पिंकी -** मेरे घर पर बहुत अच्छी चिड़िया है। वह अपना नाम बोल लेती है।
**मिक्की -** अच्छा, क्या नाम है उसका?
**पिंकी -** चीं-चीं।
**-अखिल, बहादुरगढ़**

एक मच्छर जीना नहीं चाहता था। वह छिपकली के पास जाकर बोला, 'प्लीज छिप्पू, मुझे खा लो।'
छिपकली बोली, 'नहीं-नहीं, मुझे डेंगू हो जाएगा।'
**-कमल, राजनांदगांव**

कहानी
अलका जैन 'आराधना'

चिंकू के पापा की सख्त हिदायत थी कि इस बार अगर गणित, विज्ञान में अच्छे नंबर नहीं आए तो उसका पार्क में जाकर खेलना बंद। चिंकू ने अपनी तरफ से पूरी मेहनत की फिर भी उसके अच्छे नंबर नहीं आए। उस पर बहुत बुरी बीती। क्या पापा ने उसको अपने कहे मुताबिक सजा दी?

# चिंकू बना अप्रैल फूल




परीक्षाएं खत्म होते ही चिंकू ने राहत की सांस ली। इन दिनों वह सुबह-शाम पार्क में जाकर देर तक खेलता है। दोपहर में भी वह अपनी छोटी बहन चिंकी के साथ कभी चेस तो कभी कैरम, कभी लूडो खेलता है। स्कूल 1 अप्रैल से खुलेंगे। अब चिंकू आठवीं कक्षा में आएगा। परीक्षा के बाद चार-पांच दिन तो बहुत अच्छी तरह से बीते, लेकिन फिर चिंकू को महसूस हुआ कि उसे थोड़ी घबराहट हो रही है। इसकी वजह थी रिजल्ट, जो जल्दी ही आने वाला था। उसे हर साल रिजल्ट की कोई खास चिंता नहीं रहती थी, लेकिन इस बार पापा ने कहा था कि अगर गणित और विज्ञान में नंबर कम आए तो उसका पार्क में जाकर खेलना बंद। स्कूल से आते ही खाना खाने के बाद उसे ट्यूशन जाना होगा। चिंकू ट्यूशन जाने वाले बच्चों की हालत जानता था। बेचारे पढ़-पढ़ कर परेशान हो जाते हैं। उसने पूरी मेहनत की थी कि गणित और विज्ञान में अच्छे नंबर आएं, लेकिन वह तो सिर्फ मेहनत ही कर सकता था। पता नहीं क्यों उसे लग रहा था कि उसका खेलना-कूदना बंद होने वाला है। पापा इन दिनों उसको लेकर कुछ ज्यादा ही गंभीर नजर आ रहे थे।

आखिर वह दिन भी आ गया, जब चिंकू का रिजल्ट आया। जिसका डर था, वही हुआ। गणित, विज्ञान के अलावा बाकी सब विषयों में चिंकू के नंबर बहुत अच्छे थे। गणित और विज्ञान में उसे बस ठीक-ठाक नंबर ही मिले थे। यह तो गनीमत थी कि वह रिजल्ट लेने मम्मी के साथ आया था, पापा साथ आए होते तो सबके सामने ही उसे डांट पड़ती। मम्मी ने तो फिर भी बाकी विषयों में अच्छे नंबर लाने के लिए उसे शाबाशी दी।

रिजल्ट लेकर चिंकू घर लौटा तो उसका सारा दिन बहुत मुश्किल से बीता। ज्यों-ज्यों पापा के ऑफिस से आने का समय नजदीक आ रहा था, उसका दिल बैठा जा रहा था।

ऑफिस से आकर चाय पीने के बाद पापा ने चिंकू से कहा, 'बेटा, अपना रिपोर्ट कार्ड लाकर दिखाओ।'

चिंकू डरते-डरते अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आया। पापा ने एक नजर रिपोर्ट कार्ड पर डाली और फिर एक नजर चिंकू पर। उसकी नजर झुकी हुई थी। पापा ने उससे कुछ भी नहीं कहा। चिंकू को इस बात से हैरानी हुई, आखिर पापा उस पर गुस्साए क्यों नहीं?

चिंकू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। लेकिन उसके कान जरूरत से ज्यादा ही तेज हो गए थे। कुछ देर बाद उसने बालकनी में पापा को किसी से कुछ कहते सुना। पापा कह रहे थे, 'चिंकू के स्कूल में डे-बोर्डिंग की सुविधा है। मुझे उसका कल ही डे-बोर्डिंग में एडमिशन कराना है। वहां 2 बजे छुट्टी होगी, उसके बाद कुछ खा-पी लेने और रेस्ट के बाद वहीं स्कूल में 4 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक चिंकू को ट्यूशन क्लासेस की सुविधा मिल जाएगी। 7.30 बजे मैं उसे घर ले आया करूंगा। फिर वह खाना खाकर और रिवीजन करके सो जाया करेगा। अब उसकी यही दिनचर्या ठीक रहेगी।'

यह सुनकर चिंकू का दिल बैठ गया। ट्यूशन जाने तक की बात तो ठीक थी, लेकिन अब घर रात को लौटना उसके लिए एक बड़ी सजा सी थी। चिंकू उदास होकर बैठ गया। कल से खुलने वाले स्कूल के लिए उसने अपना बैग जमा लिया था। उसे पता था कि डे-बोर्डिंग में जाने वाले बच्चे एक जोड़ी कपड़े अपने साथ रखते हैं, जो उन्हें स्कूल के बाद बदलने होते हैं। उसने बैग में कपड़े रख लिए। चिंकू मन ही मन सोच रहा था कि वह बच्चा ही क्या, जो खेलकूद ना सके। उसने पूरी कोशिश की थी गणित और विज्ञान में नंबर अच्छे आएं लेकिन नहीं आए तो क्या करे। यही सोचते-सोचते वह सो गया।

सुबह अलार्म की घंटी से जब उसकी आंख खुली तो उसे लगा घर के सभी लोग सो रहे हैं। मन ही मन वह अपने आप से बोला, 'ओहो तो आज से मुझे और ज्यादा बड़ा होना होगा। मुझे खुद ही स्कूल जाने की सारी तैयारी करनी होगी।'


चिंकू कमरे से बाहर आया तो उसने देखा बाहर टंगे हुए एक बड़े से गुब्बारे पर लिखा हुआ था, 'अप्रैल फूल बनाया... हमको मजा आया...!' यह देखकर चिंकू हैरान रह गया। तभी पापा अपने कमरे से बाहर निकले और उन्होंने झट से गुब्बारा फोड़ दिया। चिंकी जोर-जोर से ताली बजाने लगी। मम्मी हंसते हुई बोलीं, 'कैसा लगा अप्रैल फूल...!'

पापा हाथ में लिए लड्डू को चिंकू के मुंह में डालते हुए बोले, 'तुम्हारा पार्क में खेलने जाना जारी रहेगा, तुम कहीं डे-बोर्डिंग में नहीं जाओगे। तुम बस मन लगाकर पढ़ाई करते रहो, रिजल्ट की ज्यादा चिंता मत करो।'

चिंकू हर साल किसी न किसी को अप्रैल फूल बनाता था। इस बार तो वह इतना टेंशन में था कि उसे ध्यान ही नहीं रहा कि आज फर्स्ट अप्रैल है। वह खुद ही अप्रैल फूल बन गया। चिंकू हंसते हुए पापा के गले लग गया। उसने मन ही मन संकल्प ले लिया था, इस साल वह कड़ी मेहनत करके गणित और विज्ञान में बहुत अच्छे नंबर लाएगा। *

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 5 अंतर हैं। दो मिनट में सभी अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तरः 1. दूसरे वाले चित्र में जमीन पर रखा अंडा गायब है। 2. मुर्गी के गर्दन के नीचे पंख खुले हुए हैं। 3. बाईं ओर वाली पहाड़ी हरियाली की ऊंचाई कम है। 4. दाईं ओर आसमान में बड़ा वाला बादल का टुकड़ा नहीं है। 5. मुर्गे के नीले पंखों के निचले भाग में भूरा पंख नहीं दिख रहा है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में शिमला मिर्च और तरोई दिखाई दे रहे हैं। तुम्हें शिमला मिर्च और तरोई की अलग-अलग संख्या गिनकर बतानी है।



उत्तरः शिमला मिर्च 18, तरोई 24

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चों, यहां एक कॉलम में कुछ जानवर और दूसरे कॉलम में उनकी परछाइयों के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें इनका सही मिलान करना है। जल्दी से इनका सही जोड़ा तो बनाओ।




उत्तरः 1-C, 2-A, 3-E, 4-B, 5-D

## खबर संक्षेप

### सरसों की खरीद नहीं होने से किसान परेशान



**भिवानी।** सरसों की सरकारी खरीद करवाने के लिए सरकार व प्रशासन को न कोई तैयारी और न ही कोई इंतजाम किए हैं, जिसका खामियाजा किसान भुगत रहे हैं। ये बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व बैंक महाप्रबंधक नरेश तंवर ने कही। उन्होंने कहा कि सरसों की खरीद शुरू न होने के कारण किसान दर-दर की ठोकरें खा रहे है। 4 दिन से भिवानी मंडी में सरसों का एक भी दाना नहीं खरीदा गया है। किसान अपने वाहनों में सरसों की फसले लादकर मंडी में पहुंच चुके हैं।



### जिला बार एसो. प्रतिनिधिमंडल अजरबैजान के लिए रवाना

**भिवानी।** भारतीय संस्कृति का इतिहास बड़ा ही गौरवमयी है, जिस पर प्रत्येक देशवासी को गर्व है। वहीं अन्य देशों के लोग भी भारतीय संस्कृति से रूबरू होने के लिए ललायित रहते है, इसीलिए देश के हर पर्यटन स्थलों पर विदेशी लोग बार-बार घूमने आते है, ऐसे में भारतीय संस्कृति का आदान-प्रदान करने के उद्देश्य से जिला बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अजरबैजान के लिए रवाना हुआ।



### जरूरतमंदों को निःशुल्क शिक्षा देना उत्तम सेवा

**भिवानी।** हांसी रोड़ रामबाग के पास स्थित श्रीराम पाठशाला में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मुख्यातिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने बच्चों एवं संचालन समिति का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के युग में कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देना अति उत्तम समाजसेवा है। विद्यालय की बच्चियों ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। घोषित परिणामों के अनुसार पांचवी में रितेश, चौथी में राधिका, तीसरी में दिव्या, दूसरी में शिवा तथा पहली में भानू थापा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### मतदाता लोकतंत्र के पर्व में वोट की डाले आहुति

**चरखी दादरी।** अगर किसी मतदाता के पास निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह वैकल्पिक पहचान का प्रमाण दिखाकर अपने मत का प्रयोग कर सकता है। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची जारी की है। लेकिन मतदाता का नाम मतदाता सूची में होना पहली अनिवार्यता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र के ना होने पर भी मतदाता वोट डाल सकता है। इसके लिए मतदाता को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए गए दस्तावेजों में से एक को दिखाना होगा।

### सीवरेज व्यवस्था को लेकर पार्षदों ने खोला मोर्चा

**चरखी दादरी।** नगर परिषद के पार्षदों ने शहर की बदहाल सीवरेज व्यवस्था को सुधारने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता से मुलाकात कर रोष जताया। पार्षदो ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जल्द सीवरेज व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में धरना दिया जाएगा। नप पार्षद मनोज वर्मा, सतबीर चौहान, नवीन प्रजापत ने कहा कि शहर में लंबे समय से सीवरेज व्यवस्था दम तोड़ चुकी है। मुख्य कालोनियों की गलियों में गंदा पानी खड़ा है। वार्ड 17, 19 व 21 की कुछ कालोनियों में सीवर व पानी की लाइन नहीं डाली गई है। लउन्होंने कहा कि सीवर व पानी की लाइन डालने के इंतजार में गलियों का निर्माण अटका पड़ा है।

---

## बच्चों ने हरियाणवीं नृत्य व मधुर गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोहा

### लिटिल हार्ट्स स्कूल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर झूमे विद्यार्थी

### विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुतियां दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हालुवास गेट में लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल में दूसरे दिन पांचवी कक्षा व कान्वेंट स्कूल की प्रथम कक्षा का वार्षिकोत्सव व पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हनुमान जोहड़ी मन्दिर के महंत चरणदास महाराज के सानिध्य व स्कूल चेयरमैन त्रिलोकचंद गोयल की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर डीईईओ संतोष नागर, एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता व डॉ. बृजपाल मुख्यतिथि शिरकत की। बच्चों ने एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुतियां दी। समारोह में हलवासिया विद्या विहार विद्यालय के प्रशासक शमशेर सिंह अहलावत, प्राचार्य विमलेश आर्य, आस्था स्पेशल स्कूल के संस्थापक विजय शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने मां सरस्वती, भगवान श्रीगणेश व लड्डुवे गोपाल के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण से किया। कार्यक्रम में कक्षा आठवी के बच्चों ने मनमोहक गणेश वंदना प्रस्तुत की। समारोह में स्कूल के बच्चों ने हरियाणवी नृत्य, स्वागत गीत व मधुर गीतों पर सामुहिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया।



**भिवानी।** सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी और छात्र वंश को पुरस्कृत करती स्कूल प्रबंधक भावना गोयल, रामानंद सिंघल, उपप्राचार्य बंसत मुदगिल व अंजू यादव।

#### 700 विद्यार्थियों ने स्कॉलरशिप ली

चेयरमैन त्रिलोकचंद व प्रबंध निदेशक पवन गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया। देवसर स्कूल, भिवानी की पंचम कक्षा व कान्वेंट स्कूल की प्रथम कक्षा के लगभग 700 बच्चों ने स्कॉलरशिप ग्रहण की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल, चित्रकला, सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियां में भाग लेने का आह्वान किया। प्रथम कक्षा के बच्चों ने मैं परियों की शहजादी, द्वितीय के बच्चों ने छोटी सी नन्ही सी आई परी, तृतीय के बच्चों ने देश है वीर जवानों का, चतुर्थ कक्षा की लड़कियों ने मैं हरियाणे की छोरी की सुंदर प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर महासचिव संजय गोयल, सतीश गोयल, रामानंद सिंघल, भावना गोयल, ऊषा बंसल, एमएल अग्रवाल, सीमा बंसल, प्राचार्य दीपक जोशी, उपप्राचार्य बंसत मुदगिल आदि मौजूद रहे।

---

### पुलिस चलाएगी संयुक्त नाकाबंदी और सर्च ऑपरेशन

## हरियाणा व राजस्थान के पांच जिलों के अफसरों ने की मीटिंग

राजस्थान के झुंझुनूं, चूरू, हनुमानगढ़ और हरियाणा के भिवानी और महेंद्रगढ़ जिलों के पुलिस अधीक्षक,उप पुलिस अधीक्षक और थान प्रबंधकों ने अपराध रोकने को लेकर किया विचार-विमर्श



**भिवानी।** आयोजित मीटिंग में उपस्थित पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा और राजस्थान बॉर्डर के साथ लगते क्षेत्रों में क्राइम को रोकने के लिए दोनों राज्यों की पुलिस द्वारा कॉर्डिनेशन क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का आयोजन पुलिस कार्यालय पुलिस अधीक्षक भिवानी में किया गया, जिसमें राजस्थान और हरियाणा बॉर्डर के निकटवर्ती झुंझुनूं, चूरू हनुमानगढ़ और हरियाणा के भिवानी और महेंद्रगढ जिलों के पुलिस अधीक्षक,उप पुलिस अधीक्षक और प्रबंधक थाना शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक भिवानी में इंटर स्टेट कॉर्डिनेशल क्राइम को लेकर मीटिंग हुई। इसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हरियाणा एवं राजस्थान पुलिस की तरफ से संगठित आपराधिक गिरोह और वांछित अपराधियों की सूची सांझा करने के साथ बॉर्डर पर मिलकर संयुक्त नाकाबंदी का निर्णय किया गया। वहीं अन्य घटना एवं सूचनाओं को भी आदान.प्रदान किया जाएगा। मीटिंग में भिवानी एसपी वरुण सिंगला के साथ चूरू जिला के एसपी जय यादव, झुंझुनूं के एसपी राजश्री राज वर्मा, महेंद्रगढ़ एसपी हर्ष वर्मा, सीओ राजगढ़ प्रशांत किरण, सीओ चिड़ावा विकास ढींढवाल, सीओ भादरा सुभाष गोदारा, डीएसपी खेतड़ी जुल्फिकार अली, डी एस पी मुव भिवानी रमेश कुमार एडी एस पी भिवानी सहित चूरू, हनुमानगढ़, झुंझुनूं के सीमावर्ती थाना प्रबंधक और जिला भिवानी के प्रबंधक थाना लोहारू, सिवानी और बहल के प्रबंधक थाना मौजूद रहे। एसपी ने कहा कि आपराधिक वारदातों पर प्रभावी ढंग से कार्रवाई और लोकसभा चुनाव के लिए दोनों राज्यों की पुलिस में आपसी तालमेल बेहद जरूरी है ताकि लोस चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो सकें।

#### एंट्री प्वाइंटों पर बढ़ाई जाएगी गश्त

बॉर्डर पर संयुक्त रूप से नाकाबंदी की जाएगी, जिससे चुनाव शांतिपूर्ण कराने में मदद के साथ अवैध गतिविधियां को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान व भिवानी पुलिस मिलकर यह नाकाबंदी करेगी, इसके अलावा जो हरियाणा से एंट्री प्वाइंट हैं और वहां पुलिस नाका नहीं है उन रूटों पर भी गश्त को बढ़ाया जाएगा। मीटिंग में हरियाणा और राजस्थान के मामलों में वांछित अपराधियों की सूची सांझा की गई। साथ ही संगठित अपराधियों पर भी मिलकर कार्रवाई की जाएगी। दोनों राज्यों की पुलिस अपने यहां सक्रिय गैंग अन्य अपराधिक गिरोह के बारे में सूचनाएं भी सांझा करेगी।

---

## तितिक्षा को स्टूडेंट ऑफ द इयर पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



शैशवकाल में वैश्य इंटरनेशनल स्कूल ने गुणात्मक स्तर पर शिक्षा प्रदान कर विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा प्रदान करने एवं उनके सर्वांगीण विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा आगे आने वाले वर्षों में भी विद्यालय अपनी गुणवत्ता बनाए रखते हुए श्रेष्ठतम प्रदर्शन करता रहेगा।

उपरोक्त शब्द वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं स्कूल के अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता ने स्कूल में वार्षिक परिणामोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह पर अभिभावकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ को प्रदर्शन में नित्य नए सुधार लाते हुए आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से मां सरस्वती की आराधना की। नर्सरी और केजी के छोटे-छोटे विद्यार्थियो ने नृत्य से आगंतुक महानुभावों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी प्रदान की गई।

प्राचार्य करतार सिंह जाखड़ ने अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय की होनहार छात्रा तितिक्षा को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का सम्मान प्रदान किया गया। महासचिव बुवानीवाला व कोषाध्यक्ष अग्रवाल ने विद्यार्थियों को जीवन में सदैव सर्वश्रेष्ठ करने को प्रेरित किया।

इस मौके पर वैश्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, वैश्य मॉडल स्कूल की प्राचार्या कमला गुरेजा, वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सीईओ महेश गर्ग उपस्थित रहे।

## पीएमश्री विद्यालयों में दाखिला की जारी हिदायतों का विरोध शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

प्रदेश के राजकीय मॉडल संस्कृति, पीएमश्री विद्यालयों में दाखिला संबंधित जारी हिदायतों एवं नियमों के खिलाफ विरोध शुरू कर दिया है। सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान विजयवीर नैन ने इसे गरीब बच्चों को शिक्षा से दूर करने की रणनीति बताते हुए जल्द ही वापस लेने की मांग की है। सरकार नई शिक्षा नीति के माध्यम से दलितों व पिछड़ों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने की साजिश रच रही है।

राजकीय मॉडल संस्कृति एवं सीबीएसई से मान्यता प्राप्त पीएमश्री विद्यालयों में वर्ष 2024-25 अर्थात नए सत्र से कक्षा पहली, कक्षा छठी, कक्षा 9वीं एवं 11वीं में केवल अंग्रेजी माध्यम में ही प्रवेश दिया जाएगा। हिंदी माध्यम लेने वाले विद्यार्थियों को इन विद्यालयों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस पत्र के माध्यम से जान पड़ता है कि इन गरीब व वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एक अभिशाप है।

राजकीय मॉडल संस्कृति एवं प्राथमिक विद्यालयों में सीटों की संख्या से संबंधित भाग में दिया है कि इन विद्यालयों में कक्षा पहली में हिंदी माध्यम का दाखिला नहीं होगा। कक्षा छठी ,कक्षा नवमी एवं कक्षा ग्यारहवीं में भी हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए विद्यालयों में प्रवेश वर्जित रहेगा।

### शिविर में 31 यूनिट यूनिट रक्त एकत्रित



**चरखी दादरी।** मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन द्वारा गांधी नगर स्थित हारट्रोन कम्प्यूटर सेंटर परिसर में रक्तदान व मेडिलक कैंप लगाया गया। सेंटर डायरेक्टर जतिन श्योराण की अध्यक्षता में आयोजित कैंप में आरती ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

संगठन के कामों की तारीफ की गई व विधिवत शुभारंभ करवाया गया। इस दौरान एम्स बाढसा की टीम ने 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया। कम्प्यूटर सेंटर के विद्यार्थियों व स्टाफ ने रक्तदान किया।

---

### एचडी विद्यालय बिरोहड़ में वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्सव मनाया



**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल बिरोहड़ में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्या नमिता दास ने बताया कक्षाओं के सभी अनुभागों में पहले दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्रों को पुरस्कार दिए गए। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि कठिन परिश्रम, गुरुजनों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग विद्यार्थी के लिए सफलता के दरवाजे खोल देता है। जो विद्यार्थी अनुशासन व स्वाध्याय को अपनाकर परिश्रम के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ता है उसके सामने पहाड़ जैसे लक्ष्य भी बौने नजर आते हैं। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर एक शिक्षक के नाते हमारा हृदय पुलकित हो उठा। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा सत्र के आरंभ से ही अपने बच्चों को स्कूल में भेजें ताकि बच्चे का मनोबल ऊंचा रहे और वह अपनी कक्षा में निरंतर अच्छा करता रहे। अगले नए सत्र से विद्यालय और भी अधिक आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर भी विशेष बल दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति रमेश गुलिया, बलजीत नेहरा, सुरेंद्र फौगाट, प्राचार्या नमिता दास, उप प्राचार्य नवीन सनसनवाल सहित इत्यादि उपस्थित थे।

## मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल प्रांगण में प्राचार्या डॉ. अनीता शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित दो दिवसीय स्कॉलर बैज सेरेमनी का दूसरा दिवस मनाया। समारोह के प्रथम दिवस नर्सरी से कक्षा पहली तक के छात्रों को शामिल किया तथा दूसरे दिन कक्षा दूसरी से नौवीं व ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। सभी छात्रों को उनके प्रयासों एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस महत्वपूर्ण क्षण का भागीदार बनने के लिए अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से शुरु हुआ। कक्षा दूसरी से आठवीं तक के बच्चों ने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। छोटी छोटी गईया, जय सीता रामा, अच्युतम केशवम, जय राम, सीता राम सीता राम और केसरी के लाल भजनों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। सुषमा वशिष्ठ एवं कक्षा आठवीं की छात्राओं द्वारा दी गई भजनों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को शांति देवी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा 500 रुपए एवं कक्षा छठी से नौवीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों को 1100 रुपए नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। साथ ही स्कॉलर बैज विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड व गिफ्ट वितरित किए गए। प्राचार्या ने सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।




**भिवानी।** मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करती प्राचार्या डॉ. अनीता शर्मा।

■ स्कूली बच्चों ने मधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को बनाया भक्तिमय

### लडवाल बने भाजपा अनुसूचित मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



**भिवानी।** कपूर लडवाल को भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व दादरी विधानसभा संयोजक बनाने पर रोहतक गेट स्थित शहीद भगतसिंह अकादमी में आयोजित समारोह में सम्मानित किया। अकादमी निदेशक दीपक, सोनू बामला, मास्टर सुरजीत, मोनू बामला, वेदप्रकाश शर्मा, अजय शेखावत, रजत, बोबी, पूजा व अंजलि आदि ने लडवाल को नियुक्ति पर शुभकामनाएं दी। लडवाल ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विधायक सत्यप्रकाश जरावता, निर्वतमान सांसद धर्मबीर सिंह, वित्तमंत्री जेपी दलाल, विधायक घनश्याम सर्राफ, राज्यमंत्री बिशंबर वाल्मीकि व एडवोकेट शंकर धूपड़ आदि का आभार जताया।

---

### देश को नशामुक्त बनाने की सोच के साथ पहलवान का अभियान सराहनीय

## पहलवान ने 70 किलो के युवक को दांतों से उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

नशा मुक्त भारत का स्वप्न लेकर चल रहे अखिल भारतीय युवा जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष पहलवान बिजेंद्र सिंह ने खरतरनाक एवं जानलेवा स्टंट कर युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बताकर उन्हें नशे से दूर रहकर समाज व राष्ट्र की तरक्की में योगदान देने को प्रेरित किया।



**भिवानी।** युवक को दांतों से उठाकर दौड़ लगाता पहलवान बिजेंद्र सिंह।

■ नशे की गर्त में फंस अपराध की दलदल में धंस रहा युवा : पहलवान

शुक्रवार को गांव पैंतावास के एमडी स्कूल में पहलवान ने अपना शक्ति प्रदर्शन व जागरुकता अभियान चलाया। उन्होंने 15 फुट की ऊंचाई से कूदते हुए कांच तोड़े, अलग-अलग भारवर्ग के पांच बच्चों को दांतों से झूला झुलाया, आंखों से 15 किलोग्राम वजन उठाया, छाती पर पत्थर तुड़वाने जैसे जानलेवा स्टंट किए। इसके अलावा 70 किलोग्राम भार के युवक को दांतों से उठाकर 100 मीटर दौड़ लगाई, जिससे देखकर सभी हैरान हो गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह ने शिरकत की एवं महंत सोमवीर का सानिध्य रहा। वहीं विशिष्ट अतिथि चरखी दादरी जिला परिषद चेयरमैन मनदीप डालावास, बीडीसी चेयरमैन सोनू साहुवास, हैंडबॉल कोच नरेश व समाजसेवी प्रदीप सांगवान पहुंचे। कार्यक्रम में वैदिक कन्या गुरूकल ट्रस्ट फतुही संचालक संस्थापक स्वामी सुखानंद आचार्य, विकास अग्रवाल, अधिवक्ता शिवकुमार, महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

मुख्यतिथि धर्मबीर ने कहा कि देश को नशामुक्त बनाने की सोच के साथ पहलवान ने जो अभियान चलाया है, वह काफी सराहनीय है। पहलवान बिजेंद्र ने कहा कि उनका उद्देश्य युवाओं को नशे की गर्त से बाहर निकालना है।

## निर्धारित जगहों पर लगाएं पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू है। 25 मई को होने वाले चुनाव को लेकर तोशाम विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार के लिए रैली स्थान के साथ पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स लगाने स्थान निर्धारित किए गए हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने बताया कि तोशाम विधानसभा क्षेत्र में तोशाम में रैली व जनसभा करने के लिए अनाज मंडी आम चौक व खेल स्टेडियम व पोस्टर व बैनर व होर्डिंग के लिए पुराना थाना चौक, खेल स्टेडियम, बंसीलाल चौक, सुरेंद्र सिंह चौक व अनाज मंडी, गांव आलमपुर, बादलवाला, बागनवाला, बजीना, भारीवास, छपार जोगियान, छपार रांगडान, डाडम, ढाणीमाहू आदि स्थान निर्धारित किए गए हैं।

**सूचना**

मैं, सुभाष पुत्र श्री रामकुमार निवासी गांव लोहारी जाटू, तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र उतम मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



बवानीखेड़ा। गांव कुंगड़ के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रवक्ता द्वारा सम्मानित करते हुए।

### योग प्रशिक्षक साहिल का किया स्वागत

**बवानीखेड़ा।** गांव कुंगड़ के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बतौर एमडीएम कुक कार्यरत रानी के पुत्र वियतनाम में योग प्रशिक्षक साहिल के गांव पहुंचने पर उनके निवास स्थान पर प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने सरपंच नवीन गोयतए शिव कुमार साहिल को सम्मानित किया। प्रवक्ता ने बताया कि साहिल ने अपनी प्रतिभा के डंके विदेशों में बजाए हुए हैं और उनकी माता भी विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रही है। सभी बच्चों को ऐसे ही मेहनत करके अपने बलबूते पर ऐसे मुकाम हासिल करने चाहिए।



### टैंकर मंगवाकर प्यास बुझा रहे कस्बावासी

**बहल।** गर्मी बढ़ने के साथ ही कस्बे में पेयजल की समस्या गहराती जा रही है। पिछले पांच दिनों से कस्बे के विभिन्न वाडोंर् में पानी की समस्या से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की बढ़ती किल्लत के कारण लोगों को पानी का टैंकर मंगवाकर प्यास बुझानी पड़ रही है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा कस्बे के वार्ड नंबर 2,3 में पिछले पांच दिनों से पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही है। इस वजह से लोगों के लिए पानी के लिए मारे मारे फिरना पड़ रहा है। कुछ लोग दूसरी जगह से पानी को ढ़ोकर काम चला रहे हैं वहीं दूसरे लोग मिलकर पानी का टैंकर मंगवाकर काम चला रहे हैं।

### पेड़-पौधे जीवन की लाइफ लाइनः सैनी

**तोशाम।** तोशाम खंड के गांव दुल्हेड़ी में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की शाखा खुलने की खुशी में भाजपा नेता डॉ. राजेंद्र सैनी दुल्हेड़ी व कपूर सिंह निगाना ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरद्वण का संदेश दिया। सैनी ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा हैं, जिसकारण इंसान गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहा है। पेड़-पौधे जीवन की लाइफ लाइन है। पेड़-पौधे लगाकर हम अपना जीवन अच्छे तरीके से जी सकते हैं और आने वाले समय में प्रकृति में संतुलन बनाकर रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने से ही पृथ्वी को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक नरेंद्र सैनी व सहायक मनदीप पूर्वा मौजूद रहे।

## अभिभावकों ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

# सांस्कृतिक स्कूलों में दाखिला संबंधित हिदायतों को वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। मांगों को लेकर शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ भिवानी का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान भूपेन्द्र चाहर के नेतृत्व में व जिला महासचिव सुमित शर्मा के संचालन मे जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी भिवानी संतोष नागर को मौलिक शिक्षा निदेशक पंचकूला के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें संघ द्वारा सरकार से मांग की गई की राजकीय प्राथमिक मॉडल संस्कृति विद्यालय में दाखिला संबंध में जारी की गई हिदायत को दोबारा से पुनर्विचार करते हुए जारी किया जाए, आरटीई नियम के अनुसार 6 से 14 वर्ष के विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा का प्रावधान है परंतु सरकार दाखिला फीस व मासिक फीस लेकर इसका उल्लंघन कर रही है सरकार द्वारा जारी निर्देश नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विरुद्ध है नई शिक्षा नीति में बच्चों को उसकी मातृभाषा में शिक्षा दिया जाने का प्रावधान है परंतु इन स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम को अपनाया गया है जो की नई शिक्षा नीति के बिल्कुल विपरीत है उपरोक्त विषय के संदर्भ में एक बड़ी विडंबना यह भी है कि राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों के पास बहुत सारे ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं जो की मॉडल संस्कृति नहीं है वहां से जो बच्चा पांचवी पास करके जाएगा उनका दाखिला लेने में अत्यधिक समस्या आएगी क्योंकि वे केवल हिंदी माध्यमिक विद्यालय में ही दाखिला लेना चाहते हैं इस से छात्र संख्या काफी कम होगी। जिला कोषाध्यक्ष संजय जांगड़ा व तोशाम खंड प्रधान संजय बुशान ने बताया कि एक तरफ तो सरकार चिराग योजना चलाकर सरकारी विद्यालयों के बच्चों को निजी विद्यालयों में फ्री में शिक्षा दिलवाने का दम भर रही है और दूसरी तरफ राजकीय मॉडल संस्कृत विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों से फीस ली जा रही है जो कि अनुचित है

### शिक्षकों की ड्यूटी अन्य कार्यों में लगाने का विरोध

जिला संगठन सचिव शिवधन यादव व प्रैस सचिव नरेश घुसकानी ने कहा कि शिक्षकों को बेतूके ऑनलाइन कायोंर् व गैरशैक्षणिक मे लगाने की बजाय उनका मूल कार्य शिक्षण करने दिया जाए ताकि देश के भविष्य फूल सम्मान प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके, जिससे देश का भविष्य उज्जवल हो। इस अवसर पर वरिष्ठ उप प्रधान हरीश गौच्छी, बवानी खेड़ा प्रधान सुनील दत्त, शोभितए भिवानी प्रधान राम अवतार यादव, नवीन, संजय, संदीप ढोचक, अजीत, दिनेश, संदीप यादव,कृष्ण सैणी, राजेश कुमार,अरूण कुमार आदि पदाधिकारी व अध्यापक मौजूद रहे।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ भिवानी इसका पुरजोर विरोध करता है तथा सरकार से मांग करता है कि यह सभी तुगलकी प्रावधानों की बजाय सभी राजकीय विद्यालयों में मूल संसाधन उपलब्ध करवाये।



बवानीखेड़ा। सीपीआईयू बैठक में संबोधित करते हुए सीआरसी संतोष भाकर व जिला समन्वयक ललित कुमार कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# सीपीआईयू बैठक में बच्चों की संख्या बढ़ाने पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

- अधिकारी ने स्वयं टीमों सहित डोर .टू.डोर किया मार्च

बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बवानी खेड़ा व सुई कलस्टर की सीपीआईयू बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों कलस्टरों के सीआरसी, एबीआरसी, प्राथमिक पाठशालाओं से 50प्रतिशत जेबीटी शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा, प्राचार्या संतोष भाकर की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में बतौर जिला समन्वयक ललित कुमार ने शिरकत की तो वहीं रतेरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जमालपुर व रतेरा कलस्टर की सीपीआईयू आयोजित हुई, जिसकी कमान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर ने संभाली। डीईईओ संतोष नागर ने निपुण हरियाणा के बारे में शिक्षकों को गहनता से बताकर उनके साथ मिलकर गांव में नामांकन के लिए रैली निकाली, एफएलएन निपुण के बारे गहनता से जानकारी। वहीं बवानी खेड़ा सीपीआईयू बैठक में जिला समन्वयक ललित कुमार ने शिक्षकों को निपुण टीचर ऐप, असैसमेंट, कंपीटेंसी की शिकायतें ऐप असैसमेंट में दिक्कतों को डैमों के माध्यम से दूर किया वह रिपोर्ट को शिक्षकों को सिखाया। उन्होंने लाइव डैमों करवाते हुए बताया कि किसी प्रकार की परेशानी को शिक्षक एक क्लिक से दूर कर सकते हैं।




बाढड़ा। आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# कांहड़ा स्कूल में मतदान के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

- एसडीएम ने की बतौर मुख्यअतिथि शिरकत

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बाढ़डा सुरेश दलाल ने श्रीराम इंटरनैशनल स्कूल कान्हड़ा के स्काउट्स और एनसीसी कैडेट्स के बीच पहुंचकर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। छात्रों को मेरा वोट, मेरी पहचान सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, मतदान मेरा अधिकार आदि के संदेश के साथ मतदाता जागरूकता में उनकी भूमिका से अवगत कराया गया। हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स यूनिट और एनसीसी यूनिट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्त्रम में एसडीएम सुरेश दलाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हिन्दुस्तान स्काउट्स के जिला सचिव व प्राचार्य अमित जाखड़ ने एसडीएम के नेतृत्व में पहुंची स्वीप टीम का स्वागत किया। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश दलाल ने छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर लगाई गई पेंटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि मतदान जागरूकता में भावी मतदाताओं की सक्त्रियता आने वाली 25 मई के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने छात्रों से कहा कि आपके परिवार से कोई सदस्य मतदान से वंचित न रहे इसके लिए अपने परिजनों को वोट का महत्व समझाएं। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावों के दौरान प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से भी अपने परिजनों को अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले नया वोट बनवाने के लिए अभी भी प्रक्त्रिया चालू है। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें 50 बच्चों ने भाग लिया और कक्षा 9वीं की रितिका ने प्रथम, कक्षा 8वीं की रितिका ने द्वितीय और 10वीं कक्षा की संगीता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्वीप टीम सदस्य सुंदरपाल फोगाट, रविंद्र जाखड़, हरपाल आर्य, स्टाफ सदस्य सुमन, मंजू, सविता, रविंद्र, ममता, मोनिका, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

# केएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य।

केएम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति के तत्वावधान में सत्र 2023.24 की माध्यमिक व उच्च माध्यमिक कक्षाओं का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, प्रबंधक आनंद बासिया, समिति सदस्य जितेंद्र गोयल, प्राचार्या रेनू सैनी, उप.प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा तथा प्राथमिक विंग प्रभारी अंजु पोपली द्वारा माँ सरस्वती तथा सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करके किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य, तथा दक्षिण भारतीय बॉलीवुड नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, प्रबंधक व प्राचार्या ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा छठी से ग्यारहवीं के 180 विद्यार्थियों को पुरस्कारस्वरूप स्कूल बैग व बोतल देकर सम्मानित किया तथा शत.प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले 22 विद्यार्थियों को भी स्मृति चिह्न प्रदान किए गए । विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिघानिया, सचिव राजेश मोड़ा, प्रबंधक आनंद बासिया, समिति सदस्य जितेंद्र गोयल तथा प्राचार्या रेनू सैनी ने शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अभिभावकगण, शिक्षकगण व विद्यार्थी मौजूद रहे । मंच का सफल संचालन सारिका ने किया ।

### ये मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

कक्षा छठी से दीपांशु सैनी व कार्तिक शर्मा ने 99.25:, सातवीं से कार्तिक ने 99.58:, आठवीं से आँचल ने 98:5: ,नौवीं से मीनाक्षी ने 98.89, अंक प्राप्त कर अपनी.अपनी कक्षाओं में शीर्ष स्थान पर रहे। ग्यारहवीं से विज्ञान संकाय में पारुल चैधरी ने 94.78: , सारांश कौशिक ने 93.6, अन्वी ने 92.73:, निशांत भारद्वाज ने 91.5 तथा कंगना शर्मा ने 91.1: अंक प्राप्तकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय से यशिका ने 93.4: , निधि ने 90.08: तथा प्राची ने 86.78:,कला संकाय से दीपांशु घनघस ने 95.48: ,कीर्ति ने 93.75: तथा भव्या ने 93.65: अंक प्राप्त कर प्रथमए द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया । विद्यालय में सत्र के दौरान चारों सदनों में से विजेता कैलाश सत्यार्थी सदन प्रभारी व अध्यापकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया । इसी दौरान परीक्षा प्रभारी नीलम गौतम ने सत्र 2024.25 की स्कूल नियमावली अभिभावकों के साथ सांझा की।

# पुलिस ने नशामुक्त जिला बनाने के लिए कसी कमर

- एसपीओ युवाओं को करेंगे नशा छोड़ने एवं नशे से दूर रहने को प्रेरित : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखी दादरी। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देती एसपी पूजा वशिष्ठ।

युवाओं को नशे से बचाने के लिए दादरी जिला पुलिस प्रशासन ने कमर कसी है। युवाओं को नशे के चंगुल में फंसने से बचाने के लिए जिला पुलिस द्वारा उन्हें खेलों के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए जिला पुलिस में तैनात एसपीओ और पुलिस अधिकारियों की खेल परिसरों, व्यायामशालाओं में ड्यूटियां लगाई गई हैं, ये खेल प्रहरी संबंधित क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित कर खेल से संबंधित गतिविधियां करवा रहे हैं, ये बात एसपी पूजा वशिष्ठ ने शुक्रवार को नाकारे् समन्वय कमेटी की बैठक में कही। एसपी ने बैठक में कहा कि पुलिस के साथ-साथ सभी विभागों को नशे के खिलाफ बड़ा जन जागरण अभियान चलाने की जरूरत है।

### सीसीटीवी लगवाने के निर्देश

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों में सुनिश्चित किया जाए कि नशे से ग्रस्त व्यक्ति के लिए सभी मूलभूत सुविधाए उपलब्ध हों। नशे के मरीजों को यदि सुखद माहौल मिलेगा तो वे नशे की लत से जल्द से जल्द राहत पाएगा। एसपी ने जिला ड्रग कंट्रोलर को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मेडिकल स्टोर, दुकानों पर सीसीटीवी कैमरों लगवाना सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग द्वारा भी जिला स्तर पर ड्रग काउंसलिंग टीम बनाई हुई है, जिसने गांव गांव जाकर ड्रग से ग्रस्त व्यक्तियों की पहचान की गई है उनको निशुल्क दवाई उपलब्ध करवाई जाए। माह में एक बार प्रशासन के सहयोग से ड्रग फ्री कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों व कॉलेजों में बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुकता करें, इसके साथ ही अध्यापकों को बच्चों को जागरुक करने के लिए प्रशासन द्वारा ट्रैनिंग दिलवाई जाएगी, जिससे अध्यापक बच्चों को वर्तमान समय में चल रहे नशे के बारे में जागरुक कर उन्हें दूर रहने की सलाह दे सके। बैठक में डीएसपी सतेन्द्र कुमार, डीएसपी सुभाष चन्द्र, डॉ. सुनेना, डॉ. गौरव, ड्रग कंट्रोलर तरुण कुमार, डीईओ नवल कुमार डीएओ आदि मौजूद थे।

# सामाजिक कार्यो में भागीदारी के लिए कार्यकारिणी का किया गठन



चरखी दादरी। आयोजित बैठक में संबोधित करता एक वक्ता।

- नूतन ब्राह्मण सभा की बैठक में कई मुद्दों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

नूतन ब्राह्मण सभा की बैठक का आयोजन पुराना शहर स्थित ब्राह्मण भवन मंदिर परिसर में किया गया। इसमें अनेक अहम विषयों पर चर्चा की गई। मुख्य रूप से सामाजिक कायोंर् में योगदान के लिए कार्यकारिणी गठन अहम रहा। इस विषय पर उपस्थित सभी द्वारा काफी गहन चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से प्रधान शशीकांत भारद्वाज को बनाया गया। और प्रधान को अधिकार दिया गया की अपनी वह अपनी कार्यकारिणी अपने विवेक अनुसार घोषित करें इसके बाद शशिकांत भारद्वाज ने अपने वरिष्ठ साथियों और और समाज के बुद्धिजीवियों से गहन विचार विमर्श करके कार्यकारिणी की निम्न अनुसार घोषणा की,जिसमें संरक्षक मेजर गौरी शंकर, रामसिंह शर्मा, सतवीर गौड, मनफूल रावलधिया, भोजराज शास्त्री, कुलदीप जोशी, सुबेदार दिलबाग मराठा को मनोनित किया गया। वरिष्ठ उपप्रधान महावीर कौशिक, उपप्रधान राहुल मराठा व ओमकार, ठेकेदार महासचिव अधिवक्ता प्रवीन मराठा,सचिव राकेश वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष रविंद्र वशिष्ठ, सह कोषाध्यक्ष अश्वनी भारद्वाज, संगठन महासचिव दिनेश वशिष्ठ, मीडिया प्रमुख देवकीनंदन भारद्वाज को मनोनित किया गया। कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी नारायण, संजीव शास्त्री, डाक्टर सुनील मंदौली, हरीश शर्मा बीजणा,पूर्व पार्षद श्रीभगवान, रविंद्र कौशिक चिड़िया व अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए।

### विद्यावती 37 वर्ष की सेवाकाल के बाद रिटायर

**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में तैनात सुपरवाइज़ विधावती आज 37 साल के सेवाकाल के बाद आज सेवानिवृत्त हुई। इस मोके पर कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ज़िला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली ने कहा कि विद्यावती ने अपने 37 साल के कार्यकाल में खूब मन लगाकर कार्य किया। उन्होंने बताया कि उनके कार्य की आज हर जगह सराहना हो रही है। कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों ने उन्हें आज सम्मानित किया। इस मोके पर महिला एवम् बाल विकास परियोजना अधिकारी सुदेश रंगा, उषा रानी , दर्शना देवी, बिमला , वंदना व अरुण शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्तिथ थे।

## लोगों ने दिल खोलकर किया स्वागत

# राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बवानीखेड़ा पहुंचे वाल्मीकि

- लोगों से रूबरू होकर रविवार को मुख्यमंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री की विजय संकल्प यात्रा में आने का दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। समाजसेवी रितु प्रजापति पत्नी समाजसेवी औमपाल नाहड़िया के निवास स्थान पर मंच पर मौजूद राज्य मंत्री बिसंबर वाल्मीकि, विजय शर्मा, जगदंबा महता व अन्य। फोटो : हरिभूमि

नवनियुक्त राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बिसंबर वाल्मीकि के बवानी खेड़ा में प्रथम रूबरू दौरे पर कस्बा में अनेक स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुए।

जिसमें बवानी खेड़ा में रामफल शर्मा के निवास स्थान, बाबा बंदा सिंह बहादुर बड़ा गुरूद्वारा, समाजसेवी रितु प्रजापति पत्नी समाजसेवी औमपाल नाहड़िया के निवास स्थान पर, डेरा बाबा रामरूप, ढ़ाणी रेलवे फाटक पार हनुमान मंदिर के पास, जमालपुर पंचायत भवन, सिप्पर सुरजीत के निवास स्थान पर बोहल में पूर्व सरपंच साधू राम के निवास स्थान पर व रतेरा में पंजाबी धर्मशाला में शामिल थे। समाजसेवी रितु प्रजापति पत्नी समाजसेवी औमपाल नाहड़िया के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों की अपार भीड़ राज्य मंत्री को मिलने के लिए देखी गई। वहां कार्यक्रम में मंच संचालन औमपाल नाहड़िया व समाजसेवी उमेश भारद्वाज ने किया। जिसमें भाजपा नेता कमल सिंह, सुरेश ओड, प्रशांत कुमार, विजय शर्मा, बोका, श्रीभगवान नाहड़िया, प्राचार्या संतोष भाकर, सत्यवान, संजय ओड आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### विकास कार्यों को पूरा करवाएंगे

बिसंबर वाल्मीकि ने उपस्थिजनों को बताया कि वषोंर् बाद बवानी खेड़ा हलके की झोली में मंत्री का पद आया है इसका श्रेय उन्हें नहीं हलके की जनता को जाता है। हलके की जनता ने उनका कदम कदम पर साथ दिया है और वे भी जनता के कायोंर् को पूरा करवाने का कार्य करेंगें। सरकार में नवनियुक्त राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बिसंबर वाल्मीकि ने बताया कि हलके व प्रदेश में साढ़े नौ वषोंर् में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर ने विकास करवाने का कार्य किया है और नायब सरकार में उन्हें नायाब तोहफा दिया गया जिसका श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर, नायब सिंह सैनी को जाता है जिन्होंने इस ओहदे से उन्हें नवाजा है। वहीं उन्होंने लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान के लिए आहवान करते हुए बताया कि 31 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे बवानी खेडा अनाज मंडी में विजय संकल्प यात्रा एवं मुख्यमंत्री सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए सभी को अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है।